आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 139- ● जबलपुर ● रविवार, 20 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## आज फादर्स-डे






देखें पेज 3

# कोरोना से मरने वालों के परिजनों को सरकार नहीं दे सकती चार लाख



## केन्द्र ने हलफनामा पेश का दिया सुप्रीम कोर्ट को जवाब

**नई दिल्ली।**

देश में कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों के परिवार को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह राशि दिए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि कोरोना वायरस की वजह से जान गंवाने वाले लोगों के परिवार को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देना संभव नहीं है।

केंद्र ने कहा कि कोविड-19 के पीड़ितों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा नहीं दिया जा सकता है क्योंकि आपदा प्रबंधन कानून में केवल भूकंप, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं पर ही मुआवजे का प्रावधान है। सरकार ने आगे कहा कि अगर एक बीमारी से होने वाली मौत पर मुआवजे की राशि दी जाए और दूसरी पर नहीं तो यह पूरी तरह से गलत होगा। केंद्र ने कहा कि अगर राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) को कोरोना पीड़ितों को मुआवजा देने में खर्च किया जाता है तो इससे राज्यों की कोरोना के खिलाफ लड़ाई प्रभावित होगी और अन्य चिकित्सा आपूर्ति और आपदाओं की देखभाल के लिए पर्याप्त धन नहीं बचेगा। इसलिए कोरोना से करने वालों के परिवार को अनुग्रह राशि के भुगतान के लिए याचिकाकर्ता की प्रार्थना राज्य सरकारों की वित्तीय सामर्थ्य से परे है। बता दें कि स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस की वजह से महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक करीब चार लाख लोगों की जानें जा चुकी हैं।

### क्या है मामला?

केंद्र सरकार ने यह जवाब वकील गौरव बंसल और रीपक कंसल द्वारा दायर उन याचिकाओं पर दिया है, जिसमें कोविड-19 महामारी से मारे गए लोगों के परिवार के सदस्यों को आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत चार लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सोमवार को सुनवाई करेगा।

## एसडीआरएफ का पूरा पैसा मुआवजे में ही खर्च हो जाएगा

केंद्र सरकार ने कहा कि सरकारी संसाधनों की एक सीमा होती है। केंद्र ने यह भी कहा है कि अगर इस तरह से मुआवजा दिया गया तो वर्ष 2021-22 के लिए राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) के लिए आवंटित राशि 22184 करोड़ रुपये इस मद में ही खर्च हो जाएंगे और इससे महामारी के खिलाफ लड़ाई में उपयोग होने वाली राशि प्रभावित होगी। चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि राज्य सरकारों की वित्तीय सामर्थ्य से परे है। पहले से ही राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के वित्त पर भारी दबाव है। हलांकि राज्य सरकारें अपने अपने राज्य में कोरोना से मरने वालों के परिजनों को तमाम तरह से राहत पहुंचा रही हैं।

## फटाफट खबरें




### दिल्ली में महसूस किए गए भूकंप के झटके, 2.1 रही तीव्रता

**नई दिल्ली।** ददेश की राजधानी दिल्ली में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। दिल्ली के पंजाबी बाग में 12 बजकर दो मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। जैसे ही लोगों को आभास हुआ, तुरंत लोग घर और दुकान छोड़कर बाहर आ गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 2.1 रही। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, रिक्टर स्केल पर 2.1 की तीव्रता वाला भूकंप आज दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में दोपहर 12ः02 बजे आया है। अभी तक कहीं से कोई नुकसान की खबर नहीं है।

### एसपी बंगले के सामने तहसीलदार को लूटा

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर की ऑफिसर कॉलोनी रेसीडेंसी इलाके से तहसीलदार का दो बाइक सवार बदमाश मोबाइल लूटकर फरार हो गए। लूट की यह वारदात एसपर के बंगले के बाहर हुई। तहसीलदार मोबाइल का खाली बॉक्स लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज किया है। घटना शनिवार देर रात लगभग 10.00 बजे की है। तहसीलदार चरणजीत सिंह हड्डा निवासी रेडियो कॉलोनी को शनिवार को छतरीपुरा थाना क्षेत्र में हुई गोलीकांड का पंचनामा तैयार करने जाना था।

### यात्री की जान बचाने ट्रेन वापस लौटी, अस्पताल में भर्ती करवाया

**भोपाल।** इटारसी की तरफ से आकर बीना की तरफ जा रही दक्षिण एक्सप्रेस (02721) चेन पुलिंग के कारण रुक गई। ड्राइवर और गार्ड ने तत्काल फैसला लिया और ट्रेन उसी ट्रैक पर उल्टा चलने लगी। करीब 1 किलोमीटर चलने के बाद पता चला कि ट्रैक पर एक यात्री घायल पड़ा हुआ है। उसे रेस्क्यू किया गया। भोपाल के जेपी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। युवक के गुना जिले का रहने वाला था।

### स्कूल वसूल रहे मनमानी फीस

**भोपाल।** पिछले सत्र में शासन ने सिर्फ शिक्षण शुल्क देने के आदेश दिए थे। वहीं इस सत्र में कोई स्पष्ट आदेश जारी ना होने से स्कूल प्रशासन शिक्षण शुल्क के साथ-साथ एनुअल चार्ज, नामांकन शुल्क, कंप्यूटर शुल्क और स्पोर्ट्स शुल्क तक वसूल रहे हैं। राजधानी के कई स्कूलों के साथ प्रदेश के अन्य शहरों में भी इससे अभिभावक परेशान हैं तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह तथा सरकार से गुहार लगाई है।




## जापान ने भारतीय ओलिंपिक दल पर कड़े नियम लगाये

### भारतीय ओलिंपिक संघ ने जताई नाराजगी



**नई दिल्ली।** जापान की सरकार ने टोक्यो ओलिंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाडियों और अधिकारियों को रवानगी से एक हफ्ते पहले प्रतिदिन कोविड-19 जांच कराने और पहुंचने के बाद तीन दिन तक किसी अन्य देश के किसी भी व्यक्ति से मेलजोल नहीं करने को कहा है जिससे भारतीय ओलंपिक संघ काफी नाराज है। ये सख्त नियम उन 11 देशों के सभी यात्रियों (खिलाड़ी, कोच व सहयोगी स्टाफ शामिल) के लिए लगाए गए हैं जहां कोविड-19 के अलग-अलग मामले सामने आए हैं। इन देशों में भारत भी शामिल हैं। आईईओ ने इसकी काफी कड़ी आलोचना की और इन्हें अनुचित और भेदभावपूर्ण बताया। भारत में दूसरी लहर के बाद कोविड-19 हालात काफी सुधर चुके हैं और रोज संक्रमण के मामले कम होते जा रहे हैं। भारत को ग्रुप-एक में अफगानिस्तान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है और इन देशों को जापान सरकार ने कड़े नियम लगाए हैं। जापान के लिए रवानगी से पहले सात दिन अन्य लोगों से शारीरिक मेलजोल बिलकुल न्यूनतम रखना होगा जिसमें कोई अन्य टीम, दल या देश शामिल हैं। यहां तक कि खिलाड़ियों और अधिकारियों को जापान पहुंचने के बाद तीन दिन तक अपने दल के अलावा किसी अन्य से मेलजोल की अनुमति नहीं दी जाएगी आईईओ के अध्यक्ष नरेंद्र बत्रा और महासचिव राजीव मेहता ने संयुक्त बयान में नए नियमों पर सवाल उठाए।

## सियासी जंग जारी, निर्दलीय और बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों ने बुलाई बैठक

# राजस्थान में पायलट गुट फिर हवा में



**जयपुर।**

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच चल रहा सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। पायलट के पक्ष में अजय माकन के बयान के बाद ऐसा माना जा रहा है कि गहलोत समर्थक भड़के हुए हैं। अब कांग्रेस आलाकमान पर दबाव डालने के लिए बहुजन समाज पार्टी से कांग्रेस में आए और निर्दलीय विधायक से कांग्रेस के एसोसिएट सदस्य बने विधायकों ने एक बैठक बुलाई है। 23 जून को जयपुर के होटल अशोका में बैठक को बुलाया गया है। सूत्रों की माने तो गहलोत गुट ने यह रणनीति बनाई है कि पायलट गुट को मिल रही तवज्जो के खिलाफ माहौल बनाया जाए। इस बैठक के बाबत सभी निर्दलीय और बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों को सूचना दे दी गई है। इनमें छह विधायक बसपा है और 13 निर्दलीय हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि इस बैठक में मौजूदा सियासी हालातों, मंत्रिमंडल विस्तार, राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर मंथन होगा। बता दें कि बहुजन समाज पार्टी से आए विधायक और निर्दलीय जीते विधायक लगातार सचिन पायलट और उनके समर्थकों पर हमला बोल रहे हैं और सचिन पायलट को गद्दार बता रहे हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच चल रही सियासी जंग की जानकारी कांग्रेस हाईकमान को भी है। इसके अलावा ये भी जानकारी सामने आ रही है कि कांग्रेस के अंदर आए इस राजनीतिक संकट को टालने के लिए कांग्रेस हाईकमान ने सचिन पायलट को पार्टी के भीतर ही महासचिव जैसा पद का ऑफर किया था, जिससे पायलट ने इनकार कर दिया था। ये भी माना जा रहा है कि गहलोत सरकार में जो मंत्री पद खाली हैं, उस पर सचिन पायलट अपने लोगों को बैठाना चाहते हैं। मौजूदा समय में गहलोत मंत्रिमंडल में नौ पद खाली हैं और सचिन पायलट चाहते हैं कि इनमें से छह-सात पद उनके खाते में आ जाएं। वहीं बसपा और निर्दलीय विधायक, जो कांग्रेस में आए हैं, वो भी इन्हीं पदों पर नजर बनाए हुए हैं।लाने में सफल रहे थे। परंतु, इस साल के शुरू में वैक्सीन के आने के बाद लोग लापरवाह हो गए। जिसके परिणामस्वरूप देश को दूसरी लहर का सामना करना पड़ा।

## 81 दिन बाद कोरोना के सबसे कम दैनिक मामले दर्ज

**नई दिल्ली। (एजेंसी)।**



देश में 81 दिन बाद कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामले 60,000 से कम दर्ज किए गए जिससे संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 2,98,81,965 हो गई है। इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या कम होकर 7,29,243 रह गई है। रविवार को जारी आकंड़ों के अनुसार, एक दिन में संक्रमण के 58,419 नए मामले सामने आए हैं। इस अधि में महामारी से 1576 और लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 3,86,713 हो गई है। मौत के नए मामले 63 दिन में सबसे कम हैं। रविवार सुबह आठ बजे तक के जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या कम होकर 7,29,243 रह गई है जो संक्रमण के कुल मामलों का 2.44 प्रतिशत है।

## मोदी की बैठक में शामिल नहीं होंगी महबूबा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार इस महीने 24 जून को जम्मू-कश्मीर की सभी क्षेत्रीय पार्टियों के साथ बातचीत करेगी। इसमें प्रदेश के 14 नेताओं को बुलाए जाने की चर्चा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पीडीपी मुखिया महबूबा मुफ्ती सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं होंगी। पीडीपी ने यह निर्णय लिया है कि पीएजीडी(पीपुल्स एलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन) का नेतृत्व करते हुए नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला बैठक में शामिल होंगे। शनिवार को जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा था कि इस बैठक के संबंध में उनके पास एक कॉल आई है। लेकिन अभी तक औपचारिक आमंत्रण नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मैं उसी पर चर्चा और बैठक में भाग लेने या न लेने पर निर्णय करने के लिए कल पीएसी की बैठक करूंगी। बताया जा रहा है कि यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होगी। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य केंद्रीय नेता रहेंगे। इस बैठक के बारे में जब माकपा नेता और पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डेक्लेरेशन के प्रवक्ता एमवाई तरिगामी से पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमें सरकार से इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है। हालांकि अगर ऐसा कुछ होता है तो इसका स्वागत किया जाएगा। तरिगामी ने कहा, हमने केंद्र के साथ सार्थक बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए हैं। इस अलायंस में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी भी हैं, जिसका गठन जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा हटाए जाने और उसे केंद्रशासित प्रदेश बनाए जाने के बाद किया गया था।

## अकेले चुनाव लड़ने वालों को जनता चप्पल मारेगी

**मुंबई (एजेंसी)।**



महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार में अनबन की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। शनिवार को पार्टी के 55वें स्थापना दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बयान के बाद से गठबंधन सरकार में खटास की अटकलें और तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री के बयान के बाद शिवसेना और कांग्रेस के बीच दरार की खाई और गहरी होती नजर आ रही है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर कहा कि हिंदुत्व और मराठा की अस्मिता पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने इस मौके पर कांग्रेस का नाम लिए बिना, उस पर हमला बोला है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि जो लोग अकेले चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं, जनता उन्हें चप्पलों से मारेगी। बता दें कि नाना पटोले कई बार अकेले चुनाव लड़ने की बात कह चुके हैं।

## बिहार में चाचा-भतीजे की जंग जारी




**पटना।** दो गुटों में बटी लोक जनशक्ति पार्टी की लड़ाई परिवार, पार्टी के बाद अब चुनाव आयोग तक पहुंच गई। चाचा पशुपति पारस और भतीजा चिराग पासवान दोनों पार्टी का असली नेता होने का दावा कर रहे हैं। दोनों नेता पार्टी के झंडा बैनर पर अपना-अपना वर्चस्व जमा रहे हैं। वहीं चिराग पासवान अपने पिता रामविलास पासवान द्वारा बनाई पार्टी पर कब्जा जमाने और चाचा पशुपति पारस की सियासी रणनीति को तोड़ने के लिए दिल्ली में बैठक कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, चिराग पासवान 5 जुलाई को पिता और लोजपा के संस्थापक अध्यक्ष राम विलास पासवान के जन्मदिन पर संघर्ष यात्रा निकाल सकते हैं। इससे पहले शनिवार को चिराग पासवान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर अपना पक्ष रखे। हालांकि, ओम बिरला पिछले हफ्ते ही पशुपति पारस को लोकसभा मे जन शक्ति पार्टी के नेता के तौर पर मान्यता दे चुके हैं। चिराग पासवान ने इसपर भी नाराजगी जाहिर की। चिराग ने कहा कि स्पीकर ओम बिड़ला को हमारी पार्टी का संविधान देखना चाहिए उसके बाद विचार करना चाहि। लोकसभा में इस पार्टी के छह सांसद है और इनमें से पांच पारस को अपना नेता मान चुके हैं। पार्टी के अध्यक्ष बनने के बाद पशुपति पारस ने पुेरानी कार्यकारणी भंग कर नई अस्थायी समिति बना दी है। पशुपति पारस ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नए सदस्यों की नियुक्ति की है। महबूब अली कैसर और वीणा देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया।

## अमरनाथ यात्रा को लेकर आतंकी धमकी



**जम्मू।** जम्मू शहर के त्रिकुटा नगर और जीआरपी पुलिस स्टेशन के बाहर आतंकी संगठन तहरीक-उल-मुजाहिदीन का कथित धमकी भरा पोस्टर चस्पा मिला। पोस्टर खंभे पर चिपकाए गए थे। इसमें अमरनाथ यात्रा पर न आने की लोगों को धमकी दी गई है। हालांकि, पुलिस इसे मात्र अफवाह बता रही है। पुलिस का कहना है कि केवल सोशल मीडिया पर इस प्रकार के पोस्टर प्रसारित किए गए। मौके पर जांच के दौरान कुछ भी नहीं मिला। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

## आधी रात 6 जिलों की भाजपा कार्यकारणी घोषित



**भोपाल।** शनिवार की आधी रात को टोटल लॉक डाउन लग जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी के 6 जिलों की कार्यकारिणी घोषित की गई। उज्जैन ग्रामीण, शहडोल, नीमच, उमरिया, देवास सतना जिलों की कार्यकारिणी और कार्यसमिति के सदस्यों की सूची जारी हो चुकी थी। इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय आए थे। यहां संगठन महामंत्री सुहास भगत, सह संगठन मंत्री हितानंद शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा के साथ बैठक हुई थी। माना जा रहा है कि इसी बैठक में डिसाइड किया गया था कि जिलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी जाए। सबसे पहले उन जिलों की कार्यकारिणी घोषित की गई है जहां पर क्षेत्रीय नेताओं के बीच तनाव की स्थिति नहीं है। राजनीति में चर्चा है कि भारतीय जनता पार्टी ने कोरोनावायरस की तीसरी लहर की संभावनाओं के बीच नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पहले प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों की सूची और अब जिला कार्यकारिणी की घोषणाएं चुनावी तैयारियों का हिस्सा मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार अगले दो दिनों में सभी जिलों की टीम घोषित कर दी जाएंगी।

## मुलायम सिंह यादव की नातिन की शादी में राजनीतिक जमावड़ा

# सूबे के सबसे बड़े सियासी परिवार में विवाह



**इटावा।** परिवार में बेटी की शादी के कार्यक्रम में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव परिवार का पूरा कुनबा सैफई में एकत्र हुआ। मुलायम सिंह यादव की नातिन की शादी में राजनीतिक जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। यूपी और बिहार के कई बड़े नेता इस शादी में शामिल होने आ रहे हैं। सैफई में दीपाली की शादी में मुलायम परिवार के सभी सदस्य मौजूद हैं। बाहर के किसी व्यक्ति के पंडाल में जाने पर पाबंदी है। आज शादी की मांगलकि रस्म होंगी। इसमें मुलायम सिंह यादव की नातिन दीपाली फिरोजाबाद जिले के रहने वाले अश्वनी के साथ सात फेरे लेंगी। अखिलेश यादव की पत्नी पूर्व सांसद डिंपल यादव अपने बच्चों के साथ दो दिन पहले ही आ चुकी हैं। मुलायम सिंह यादव, प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव भी पहुंच चुके हैं। दीपाली सैफई के पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय रणवीर सिंह यादव की बेटी और पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव की बहन हैं।तेज प्रताप का विवाह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी राजलक्ष्मी से हुआ है। इस नाते बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप के भी सैफई पहुंचने की संभावना है हालांकि कोविड को देखते हुए किसी प्रकार की भीड़भाड़ से पूरी तरह से परहेज किया जा रहा है। दीपाली का मार्च 2021 में सगाई का कार्यक्रम हुआ था। उस समय कोरोना काल की वजह से वैवाहिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया था।

## 12वीं के रिजल्ट का फार्मूला तैयार

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग और मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) के अधिकारियों ने मिलकर हायर सेकंडरी के परिणाम का फार्मूला तैयार कर लिया है, जो इसके लिए गठित मंत्री समूह को रविवार को भेजा जा सकता है। मंत्री समूह इस पर विचार करने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने इसे रखेंगे।




परिणाम का फार्मूला तय करने के लिए मंत्रालय और माशिमं में 15 दिन से बैठकों का दौर चल रहा है। इस दौरान अधिकारियों ने कई पहलुओं पर विचार किया, पर नजर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीबीएसई) के फार्मूले पर थी। कोशिश थी कि सीबीएसई के फार्मूले को प्रदेश में लागू करें, पर उसे लागू करना संभव नहीं है, क्योंकि प्रदेश में 11वीं की पिछली वार्षिक परीक्षा, हायर सेकंडरी की तिमाही एवं छह माही परीक्षा और आंतरिक मूल्यांकन का रिकॉर्ड नहीं है।

# कर्मचारियों की फिटनेस पर रेलवे कर रहा फोकस

### कटनी में 18 स्थानों पर लगाए ओपन जिम, रनिंग स्टाफ की फिटनेस पर ज्यादा ध्यान





**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मण्डल ने कर्मचारियों की फिटनेस एवं स्वास्थ्य को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए मण्डल में 37 स्थानों पर ओपन जिम उपलब्ध कराये। कर्मचारियों को तनाव से दूर रखने के लिए व्यायाम करना सबसे प्रमुख एवं अनिवार्य पद्धति तथा सुगम साधन है। रेल प्रशासन ने इस महत्वता पर पूरा ध्यान केंद्रित करते हुए जिम स्थानों पर व्यायाम करने के सभी तरह के 154 उच्च एवं आधुनिक उपकरणों को उपलब्ध करवाया। रेलवे कालोनियों, रेलवे क्लब, रेलवे स्टेडियम, रेलवे समुदायिक भवन, रेलवे चिकित्सालय एवं रेलवे गार्डनों आदि में ओपन जिम खोले गये। यहां पर ड्यूटी से ऑफहोने के बाद कर्मचारी जिमों में पहुंचकर अपनी फिटनेस को बरकरार रख रहे हैं।

ऐसा देखा गया है कि जिन कार्यालयों के कर्मचारी जिमों में व्यायाम करके अपने को चुस्त दुरुस्त रखकर अपनी फिटनेस बरकरार रखते हैं, उन कार्यालयों में कार्य करने का अच्छा माहौल रहता है। इसके अतिरिक्त रेल प्रशासन ने विशेषकर रनिंग स्टाफकी शारीरिक स्वास्थ्य और फिटनेस को अच्छा रखने के उद्देश्य से सभी रनिंग रूमों में जिम और ओपन जिम खोले है। लोको पायलट, सहायक लोको पायलट एवं गार्ड के रनिंग रूमों में विश्राम के बाद बचे हुए समय में उच्च एवं आधुनिक तकनीक के उपकरणों से युक्त जिमों में व्यायाम करके अपने आप को तनाव रहित रखे जिससे वह कुशलता से अपने कार्यो को करें। रेल सुरक्षा बल को भी चुस्त दुरुस्त रखने के लिए आरपीएफ बैरकों में भी जिम खोले गये है। इस प्रकार पमरे के जबलपुर में 82, कटनी में 18, दमोह में 7, सागर में 7, सतना में 6, रीवा में 3, ब्यौहारी में 7, पिपरिया में 6, नरसिंहपुर में 6, गाडरवारा में 4, खुरई में 4 एवं बरगांवा में 4 इत्यादि में कुल 154 उपकरणों को लगा कर 37 ओपन जिम उपलब्ध कराये गये है। कर्मचारियों के स्वास्थ को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए ओपन जिम खोलने के अभियान को आगे भी जारी रखा जायेगा।



# वेक्सीनेशन के लिए मिली ट्रेनिंग

### प्राईवेट नर्सिंग होम एवं नर्सिंग कॉलेज के वेक्सीनेटर एवं वेरीफायर का प्रशिक्षण



**कटनी।** जिले में 21 जून को कोरोना वेक्सीनेशन का महाअभियान प्रारंभ होगा। इस अभियान के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान के रुप में अधिक से अधिक लोगों को वेक्सीनेट किया जायेगा। इसी क्रम में शनिवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभाकक्ष मे प्राईवेट नर्सिंग होम एवं नर्सिंग कालेज के वैक्सीनेटर एवं वैरिफायर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियो को वेक्सीनेशन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी सहित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें हितग्राहियो को वैक्सीन लगाने, वैक्सीन लगाने के पश्चात भी कोविड अनुकुल व्यवहार का पालन करने एवं एईएफआई का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही वैरिफायर को कोविड वैक्सीन ऑनलाईन पंजीयन हेतु कोविन पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमे बताया गया है कि हितग्राहियों को ऑन स्पॉट पंजीयन कैसे किया जाये एवं जो पूर्व से कोविन पोर्टल मे पंजीकृत है, उन्हे ऑनस्पाट पोर्टल मे ऑन स्पॉट रजिस्ट्रर कैसे किया जाये। उक्त प्रशिक्षण नितिन तपा डाटा मैनेजर, सौरभ श्रीवास्तव व्हीसीसीएम, जितेन्द्र सोनी डाटा एंट्री आपरेटर, एस एम डेविड सीनियर एएनएम, शारदा यादव सुपरवाईजर के द्वारा प्रदाय किया गया है।

# जिले में अब तक 101.3 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में 1 जून से 19 जून 2021 तक 101.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 70.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 19 जून 2021 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 45.8 मिलीमीटर, रीठी में 66.7, बड़वारा में 65.0, बरही में 256.0, विजयराघवगढ़ में 165.3, बहोरीबंद में 87.5, स्लीमनाबाद में 76.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 54.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे औसतन 1.1 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज हुई। जिसमें तहसीलवार 19 जून को हुई वास्तविक वर्षा के अनुसार कटनी, रीठी, बड़वारा, बहोरीबंद और स्लीमनाबाद तहसील में निरंक वर्षा दर्ज हुई है। वहीं बरही तहसील में 6.2, जिवयराघवगढ़ तहसील अंतर्गत 2.0 और ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत 1.5 मिली मीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है।





# हिरवारा में 201 वृक्षारोपण कार्यक्रम

**कटनी।** समाजसेवियों द्वारा सपरिवार लिटिल स्टार अनाथाश्रमद्ध फाउंडेशन हिरवारा में 201 वृक्ष लगाये गये। वृक्षारोपण अभियान के तहत आम, पपीता, अमरूद, इमली के वृक्ष रोपे गए और सभी ने सपरिवार यह संकल्प लिया कि इन वृक्षों की नितांत देखभाल भी करते रहेंगे वृक्षारोपण कार्यक्रम में युवा बुजुर्गों के अलावा बच्चों में भी भारी उत्साह देखने को मिला कोरोना काल में सबसे ज्यादा महत्वता ऑक्सीजन की कमी की देखी गई और वृक्षों की लगातार कमी को देखते हुए समाजसेवियों द्वारा फैसला लिया गया कि हजारों की संख्या में वृक्षारोपण किया जावेगा आज हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से एड. मौसूफ बिट्टू, तेजिंदर सिंह, सुदामा सचदेवा, अजय मिहानि, हिमांशु हनी ग्रोवर, विजय भेरवानीएआबिद खानएश्रीमती सुमन रजक, साध्वी निगम, शिखा यादव, नोशीन खान सहित डॉ समीर चौधरी, डॉ. स्नेह चौधरी, रोज़ बाउल पब्लिक स्कूल, गीतांजलि ग्रुप, हार्ट हैकर्स ग्रुप, नोबल क्लासेस उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने एक 20 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार करने के आरोप में बड़वारा थाना अंतर्गत निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 5 अगस्त 2020 को बड़वारा थाना अंतर्गत निवासी महेश कोल नामक युवक उस दौरान युवती के घर पहुंचा। जब वह घर में अकेली थी। युवती के अकेलेपन का फायदा उठाकर महेश ने उसको शादी का झांसा दिया और उसके साथ घर पर ही संबंध बनाए। इसके बाद महेश युवती को अपने साथ अपने गांव ले गया। जहां उसने युवती को चार माह तक अपने साथ रखकर उसका दैहिक शोषण किया। चार माह बाद महेश युवती को घर छोड़कर चला गया और शादी की बात से भी मुकर गया। उधर पीड़िता को जब 8 माह का गर्भ ठहर गया तो उसने पूरी कहानी अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद यह मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी महेश कोल के विरूद्ध धारा 454, 366, 342, 376 ( 1 ) 376 ( 2 ) एन के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की तो आरोपी 24 घंटे के अंदर ही पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में एनकेजे थाना प्रभारी महेन्द्र कुमार मिश्रा,उपनिरीक्षक अंकिता तिवारी, सउनि दिनेश सिंह बघेल, आरक्षक चन्द्रेश सिंह, उदय सिंह, लुटेश प्रजापति, महिला आरक्षक पुष्पलता व लवली दुबे की भूमिका रही।

# राशन दुकान से 72 हजार के गेहूं व चावल की हेराफेरी

### संचालक व सेल्समेन पर मामला दर्ज

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में गरीबों के लिए बटने आए लगभग 72 हजार रूपए कीमती गेहूं व चावल की हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच के बाद राशन दुकान संचालक व सेल्समेन के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लालबहादुर वार्ड स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 4207055 में गेहूं व चावल के गबन करने की शिकायत प्राप्त हुई। जांच में राशन दुकान से 27.86 क्विंटल गेहूं व 10.92 क्विंटल चावल का गबन सामने आया। गबन किए गए गेहूं व चावल की कीमत 71 हजार 766 रूपए बताई गई है। जांच के दौरान दुकान संचालक व सेल्समेन क्रमशः देशमुख पांडे व प्रभाकर पांडे ने मिथ्यापूर्वक कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत किए। जांच के बाद दोनों आरोपियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 7 के तहत कार्रवाई की गई है।

# युवती से छेड़खानी व लूटपाट के आरोपी गिरफ्तार

### घर बैठे जॉब दिलाने का झांसा देकर व सूनसान जगह पर ले जाकर चार युवकों ने दिया था वारदात को अंजाम

#### मोबाइल लोकेशन के आधार पर चंद घंटों के अंदर पुलिस ने सुलझाई वारदात

**कटनी।** कोतवाली क्षेत्र की एक 35 वर्षीय युवती को घर बैठे जॉब दिलाने का झांसा देने के बाद एनकेजे थाना अंतर्गत एक सूनसान जगह ले जाकर उसके साथ छेड़खानी, मारपीट व लूटपाट करने के आरोप में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र की एक 35 वर्षीय युवती के मोबाइल पर 17 जून की शाम 7 बजे के लगभग फोन आया और फोन करने वाले युवक ने अपना नाम महेन्द्र सोनी बताया जबकि ट्रूकॉलर में वह नंबर जगत चौहान उर्फ जग्गा डाकू के नाम से सो कर रहा था। युवक ने फिर युवती को फोन किया और उसे घर बैठे जॉब दिलाने का झांसा देकर उसे दुर्गा चौक खिरहनी बुलाया। युवती दुर्गा चौक पहुंची तो वहां एक युवक मिला जो अपने दुपहिया वाहन में बैठाकर युवती को सुरखी टैंक के आगें सरसवाही के जंगलों में ले गया। जहां युवक के तीन साथी और पहुंच गए। फिर चारों युवकों ने मिलकर युवती के साथ छेड़खानी शुरू कर दी। युवती ने विरोध किया तो युवकों ने उसका मोबाइल छीनने के बाद जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह अपनी जान बचाकर युवती शहर पहुंची और घटना से कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। कोतवाली पुलिस ने युवती की शिकायत पर शून्य में धारा 354, 392, 506 के तहत मामला दर्ज किया और घटनास्थल एनकेजे थाना अंतर्गत होने के कारण अपराध डायरी एनकेजे पुलिस को सौंप दी। मामले में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में काम करते हुए चार थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर एक-एक कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें भानू प्रताप सिंह, जगत सिंह चौहान, शिवम तिवारी एवं सुमित चकवर्ती शामिल हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी भानू प्रताप सिंह घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल, युवती से छीना गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। मामले की गुत्थी सुलझाने में कोतवाली प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, एनकेजे थाना प्रभारी महेन्द्र कुमार मिश्रा, साईबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज दुबे, उपनिरीक्षक अंकिता तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश सिंह बघेल, कप्तान सिंह, प्रधान आरक्षक ताहिर, आरक्षक आरिफ हुसैन, दीपक तिवारी एवं साईबर सेल के आरक्षक प्रशांत सिंह, चन्द्रेश सिंह, अजय प्रताप सिंह की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।





# हरी शंकर पाराशर निर्णायक समिति में शामिल

**कटनी।** मध्य प्रदेश से हरि शंकर पाराशर को जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया में अपनी निर्णायक समिति में स्थान दिया। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंड़िया ने अपनी निर्णायक समिति में सभी वरिष्ठ पत्रकारों को शामिल किया है जिसमे उत्तर प्रदेश से वरिष्ठ पत्रकार डा. एके राय, वरिष्ठ पत्रकार डा. आर सी श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अंकित गुप्ता, अखलाक अहमद, नसीर,नीरज सक्सेना के साथ राजस्थान से वरिष्ठ पत्रकार राजूचारण झारखंड से अशोक कुमार झा मध्यप्रदेश प्रदेश से हरी शंकर पाराशर, पंजाब से सतपाल सोनी राज कुमारी, विशाल शर्मा के साथ हरियाणा से लोकेश दत्त मेहता को शामिल करने का निर्णय लिया है।



# टीकाकरण की हर घंटे रिपोर्ट देना होगी

#### गूगल मीट के माध्यम से आरआरटी का प्रशिक्षण





**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन को लेकर 21 जून से प्रारंभ होने जा रहे वेक्सीनेशन महा अभियान की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा मुस्तैदी से की जा रही है। इस महा अभियान में अधिक से अधिक लोग कोरोना का टीका लगवायें, इसके लिये कार्य हो रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशों के अनुसार इलेक्शन पैटर्न पर जिले में टीकाकरण कार्य की तैयारियां की गई हैं। इसी कड़ी के तहत टीकाकरण केन्द्र पर तैनात अमले को प्रशिक्षण दिलाया गया। वहीं टीकाकरण कार्य की मॉनीटरिंग के लिये आरआरटी को तैनात किया गया है। जोनल अधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं। शनिवार को गूगल मीट के माध्यम से आरआरटी के सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे और अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो के द्वारा सदस्यों को वेक्सीनेशन कार्य के दौरान किये जाने वाले पर्यवेक्षण कार्य की विस्तार से जानकारी दी गई। वर्चुअली आयोजित प्रशिक्षण में वेक्सीनेशन डे पर सुबह से प्रारंभ होने वाली गतिविधियों को सिलसिलेवार बताया गया। साथ ही प्रत्येक घंटे वेक्सीनेशन केन्द्रों में होने वाले टीकाकरण कार्य की रिपोर्ट संकलित करने और उसकी जानकारी जिला कन्ट्रोल रुम को देने की सम्पूर्ण प्रक्रिया भी विस्तार से आरआरटी मेम्बर्स को समझाई गई।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे
डॉ. कनिका अग्रवाल
डॉ. जाकिर हुसैन
डॉ. अनिमेष गुप्ता
दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग
उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध सुविधायें
मेडीसिन विभाग
हृदय रोग विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
दंत रोग विभाग
हड्डी रोग विभाग
त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
शिशु रोग विभाग
मस्तिष्क रोग विभाग
ट्रामा विभाग
कैंसर विभाग
फिजियोथेरेपी विभाग
प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
नार्मल डिलेवरी
सीजेरियन डिलेवरी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
जनरल सर्जरी
आई.सी.यू. वार्ड
सेमी. प्रायवेट वार्ड
जनरल वार्ड
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
हेयर ट्रांसप्लांट
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

## नीलिमा ❤ से

### अनोखा बंधन

*दीवारों में लिपटी हुई बेलों का पहरा साफ दिख रहा है*
*प्यार का ये अनोखा प्रबल बंधन खुलेआम दिख रहा है*

*सितारों के बिछौने पर रेशमी सतरंगी ख्वाब पल रहा है*
*हवाओं के आँगन में चंचल दीवाना बादल उतर रहा है*


*हलक से उतरती बर्फ के फाहे सा कुछ पिघल रहा है*
*जैसे रात चुपके से चांद आँखों से दिल में उतर रहा है*

*बगिया में ओस में नहाया सुर्ख लाल गुलाब खिल रहा है*
*उनके संगीत का सुर खुशनुमा फ़िज़ाओं में घुल रहा है*

*बेलपत्री में रोली से नाम लिख-लिख कोई सिसक रहा है*
*शिव जी पर विहल आँखों से अश्रुधारा अर्पण कर रहा है*

*जज्बातों के मन मंदिर में तुलसी की माला पिरो रहा है*
*मन्नत की लाखों दुआओं का अदृष्य ताबीज बुन रहा है*

*नजर ए उल्फत में जैसे काला टीका माथे पर लग रहा है*
*शबनमी रात में सुरमई आँखों से काजल बिखर रहा हैं !!!*





**- नीलिमा पाठक सामंतरे**

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 20 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper








# एक-एक बूंद के लिए तरस रहे मोहनिया के वाशिंदे

## नल-जल योजना का पता नहीं, प्राईवेट बोर मालिकों से खरीद रहे पानी



**कटनी। जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मोहनिया (सिजहरी रामपाटन) के वाशिंदे पीने के पानी के लिए परेशान हैं। नल-जल योजना भी फ्लॉप शो साबित हो रही है। 150 घरों की बस्ती वाले इस गांव में लगभग 1200 से अधिक की आबादी है। ग्राम पंचायत मोहनिया में 7 हैंडपंप हैं, जिनमें से 5 खराब पड़े हैं। 2 हैंडपंप से पानी रुक-रुककर आ रहा है। एक शासकीय बोर है, वह भी जीर्ण-शीर्ण हालत में है। पानी की कमी के कारण लोग प्राईवेट बोर मालिकों से हर माह शुल्क देकर पानी ले रहे हैं।**

### 7 हैंडपंप, 5 खराब, 2 से रुक-रुककर आ रहा पानी, शासकीय बोर भी जीर्ण-शीर्ण हालत में

मोहनिया गांव में पानी के लिए घरों की छतों और छप्परों के ऊपर से पानी की पाइप लाइनें दौड़ रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार वे हर माह सौ से डेढ़ सौ रुपए चार्ज देकर पानी का इंतजाम कर रहे हैं। समस्या को देखने के बाद भी ग्राम पंचायत के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने पानी के इंतजाम के लिए कोई बेहतर वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बोर से पानी लेने के लिए उन्हें पाइप की व्यवस्था खुद ही करनी पड़ती है। इसके बाद भी जिस दिन लाइट बंद रहती है, उस दिन पानी नहीं मिल पाता। यही हाल पंचायत के गांव महगवां एवं पटीखुर्द के आदिवासी बाहुल्य गांव के भी हैं। यहां के ग्रामीणों को 2 से 3 किलोमीटर दूर कुएं तालाब एवं अन्य स्रोतों से पानी ढोना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत के सरपंच का कहना है कि अनुसार पठार क्षेत्र में वॉटर लेवल गिरने के कारण पानी की समस्या है। उनके अनुसार अच्छी बरसात होने के बाद दो हैंडपंप में पानी आने लगता है। खराब पड़े हैंडपंपों को सुधरवाने के लिए वे प्रयास की बात कर रहे हैं लेकिन इतने सालों से इनमें सुधार क्यों नहीं हुआ, इस संबंध में पंचायत प्रतिनिधि केवल वॉटर लेवल डाउन होने की बात कर रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो गर्मी के मौसम में आए दिन बिजली बंद रहती है। ऐसे में हर घर का एक सदस्य केवल बिजली आने की ताक में तैनात करना पड़ता है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण



विमला बाई दुबे ने कहा कि गांव में नल बिगड़े पड़े हैं। पानी की लंबे समय से बहुत समस्या है। पानी बिना कोई काम नहीं होता। खराब नलों को सुधरवाया नहीं जा रहा है। फूलबाई सेन ने कहा कि पानी के लिए दूर-दूर से इंतजाम करना पड़ता है। सालों से इसी समस्या से रोजाना लोगों को रूबरू होना पड़ता है। बोलने पर कोई नहीं सुनता। नीलू प्रसाद ने कहा कि गांव में सालों से नल जल योजना का अता पता नहीं है। निजी बोर से पानी लेने की मजबूरी बनी है। पाइप की व्यवस्था खुद से करनी पड़ती है। नीलम सेन ने कहा कि सरकारी बोर जर्जर है। इसमें से पानी नहीं मिल पाता है। बोर मालिकों से पानी का इंतजाम हो रहा है। लाइट न रहने पर वो भी बंद हो जाता है।

### कागजी घोड़ा साबित हो रही नल-जल योजना

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई सालों से नल-जल योजना की मांग की जा रही है लेकिन आज तक इसका अता पता नहीं है। गांव में पानी की टंकी तक नहीं बनाई गई है। जिले के छोटे से छोटे गांव में पानी टंकी एवं नल जल योजना की सुविधा से जोड़ा जा चुका है लेकिन इसके बाद भी न तो जिम्मेदार पानी की टंकी बनवा पाए न ही घर-घर पानी पहुंचाने का इंतजाम हो सका। पुराने खराब पड़े हैंडपंपों में सुधार कराने की जगह नया बोर पंचायत करा दे तो लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सकती है। इस ओर सरपंच, सचिव भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। पानी खरीदने की बात पर पंचायत के जिम्मेदार इसे बोर मालिकों द्वारा सुविधा एवं लाइट शुल्क को जोडक़र बताया जा रहा है।

### इनका कहना है

गांव में एक बोर है, इससे पानी दे रहे हैं। पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है। पूरे पठार क्षेत्र में यही हाल हैं। पानी की समस्या को दूर करने के लिए नल-जल योजना एवं हैंडपंपों में सुधार करवाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

**-ओमप्रकाश महोबिया,** सरपंच

# कोरोना संक्रमण से अंधकारमय हो रहा बच्चों का भविष्य

### स्कूलों को छोड़कर सब कुछ खोल दिया सरकार ने

**विजयराघवगढ़।** शिक्षा व पढ़ाई न होने से पालको व बच्चों के माथे पर चिंता की लकीर दिख रही है। कोरोना 19 संक्रमण का सबसे अधिक असर यदि कहीं हुआ है तो बच्चों की पढ़ाई व शिक्षा पर। इस कोविड-19 ने बच्चों की पढ़ाई को झकझोर कर रख दिया है। एक और स्कूल नहीं खुलने से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है तो वहीं समस्त क्षेत्र अनलॉक हो गए, किंतु शिक्षा का क्षेत्र अभी भी लॉक है। प्रशासन ने बाजारों व दुकानों प्रतिष्ठानों संस्थानों को अनलॉक कर खोलने का आदेश दे दिया है किंतु एकमात्र शिक्षा विभाग है, जहां अभी भी अनलॉक होने का इंतजार हो रहा है। बताया जाता है कि स्कूल नहीं खुलने से बच्चों का कितना नुकसान हो रहा है।

यह भी किसी से छुपा नहीं है स्कूल जाने से बच्चों के व्यवहार सीखने सिखाने की क्षमता पढ़ाई की प्रति रुचि मानसिक विकास आदि पर बच्चों के सामने प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है। समस्त स्कूलों के बंद होने से बच्चे व उनके अभिभावक शिक्षक प्रशासन और गैर सरकारी सामाजिक संस्थाएं इन सबके सामने केवल और केवल यही प्रश्न है की बच्चों का भविष्य क्या होगा खेसारी प्रश्नों का उत्तर सरकार शिक्षा शास्त्री व शिक्षा के जानकार के पास है जो मौन धारण किए हैं ऑनलाइन क्लास का फिजिकल स्कूल और क्लास से कोई तुलना नहीं की जा सकती। ऑनलाइन शिक्षा उत्कृष्ट शिक्षा के स्तर की जगह नहीं ले सकता प्रशासन के निर्देशन में भले ही ऑनलाइन शिक्षा नया ट्रेड बंद कर भर रही है किंतु मौजूद बच्चों के भविष्य का विकास कैसे तय हो पाएगा। बच्चों के स्कूल जाने पर उनका विभिन्न तरह का विकास होता था। अब केवल बच्चों में मोबाइल चलाने की आदत हो चुकी है और इसमें भी इंटरनेट एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण ऑनलाइन पढ़ाई भी बहुतायत बच्चों के सामने समस्या बन जाएगी। शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाली बच्चों के लिए इंटरनेट डाटा जूता ना मुश्किल हो रहा है, वहीं घर में रहकर बच्चे यह सब कैसे सीख पाएंगे, फिलहाल अब बच्चों हुआ पलकों के सामने केवल एक ही प्रश्न है आखिर कब खुलेगा स्कूल।

**किराये से देना है**
**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने**
**जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

# दुर्गम क्षेत्रों में वेक्सीनेशन के लिए घूमेगी एम्बुलेंस

### टीकाकरण केन्द्रों की मॉनीटरिंग के लिये बनाया गया कंट्रोल रुम





**कटनी।** महज टीकाकरण ही नहीं, व्यवस्था के साथ हमें टीकाकरण कराना है। सभी टीकाकरण केन्द्रों पर व्यवस्थायें दुरुस्त हों, यह सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में दिये। इस दौरान विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी भी मौजूद रहे। बैठक में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 21 जून से प्रारंभ हो रहे वेक्सीनेशन महा-अभियान की तैयारियों का रिव्यू विधायक श्री जायसवाल एवं कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा किया गया। दोनों ने ही निगम आयुक्त और सीईओ जिला पंचायत को टीकाकरण केन्द्रों में व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। बैठक में विधायक श्री जायसवाल ने निर्देश देते हुये कहा कि नगरीय क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों की मॉनीटरिंग के लिये कंट्रोल रुम बनाया जाये। जोकि सुबह से एक्टिवेट होकर वेक्सीनेशन कार्य सम्पन्न होने तक सक्रिय रहे। नगरीय क्षेत्र में टीकाकरण केन्द्रों की जवाबदारी अधिकारियों को दी जाये। उनके मध्य कार्य विभाजन किया जाये। प्रेरक टीकाकरण केन्द्र संबंधी जानकारी पर आधारित पम्पलेट का

#### कोरोना वेक्सीनेशन महा अभियान की तैयारियों का विधायक व कलेक्टर ने किया रिव्यू

वितरण अपने-अपने क्षेत्रों में करें। ताकि अधिक से अधिक लोगों को वेक्सीनेशन अभियान की जानकारी हो सके और वे टीकाकरण कराने पहुंचें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि 20 जून रविवार को जनप्रतिनिधि, आरआरटी, जिला अधिकारी टीकाकरण केन्द्रों का विजिट करेंगे। इसलिये टीकाकरण की व्यवस्थाओं को देख रहे संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी टीकाकरण केन्द्रों में मौजूद रहें। रिजर्व दल को एक्टिवेट रखने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। उन्होने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित करते हुये कहा कि कचरा उठाने वाली गाड़ियों में भी टीकाकरण केन्द्र की जानकारी संबंधित जानकारी चलवायें। वहीं दुर्गम क्षेत्रों में एम्बुलेन्स के माध्यम से दो स्थानों पर मोबाईल वेक्सीनेशन की व्यवस्था भी करें। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने विधायक श्री जायसवाल को प्रेरक के रुप में अपने निर्धारित टीकाकरण में आमंत्रित करते हुये सहयोग देने की अपील करते हुये आमंत्रण पत्र भी दिया। इसके साथ ही श्री मिश्रा ने भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री टोपनानी को भी आमंत्रण पत्र देकर उन्हें भी इस कार्य में सहयोग देने के लिये आमंत्रित किया और प्रेरक का बैच भी लगाया।



# संपत्ति का डाटा तैयार कराने हो रहा सर्वे



**विजयराघवगढ़।** नगर परिषद प्रशासन के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर के निर्देशन में नगर परिषद क्षेत्र में निवास करने वाले समस्त नागरिकों के संपत्ति का डाटा तैयार करने नगर परिषद प्रशासन से अधिकृत जेनिट संस्था के सदस्यों द्वारा समूचे नगर परिषद क्षेत्र में घर घर जाकर लोगों से संपर्क कर राजेश सोनी एवं जावेद खान के द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त जानकारी जुटाने में समय अधिक लगने के कारण स्थाई संपत्ति रहवासी क्षेत्र की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर नगर निकाय का डाटा तैयार करने हेतु वार्डों में घर-घर जाकर मकान मालिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद प्रशासन को सौंपी जाना है। ताकि स्थानीय जनों के स्थानीय संपत्ति का विवरण नगर परिषद प्रशासन के पास तैयार किया जा सके। जिसमे स्थानीय लोगो का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### कार्यालय नगर पालिक निगम मुड़वारा कटनी (म.प्र.)

क्र./1241/मुख्य स्टोर्स/2021-22 कटनी दिनांक 16.06.21

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा वाहन क्रय करने हेतु निर्माताओं, कम्पनी द्वारा अधिकृत डीलरों/विक्रेताओं से ई-टेन्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत हेतु ऑन लाइन निविदायें **www.mptenders.gov.in** पर **Key Date & Time** अनुसार आमंत्रित की जाती है । समस्त शर्तें एवं जानकारी मुख्य स्टोर के कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है ।

| क्रं. | सामग्री का विवरण | मात्रा | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | समयावधि (दिवस मे) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JCB 3DX Plus | 01 नग | 25,500.00 | 5,000.00 | 15 दिवस |

1. निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 18.06.2021 सायंकाल 5.30 बजे से ।
2. निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19.07.2021 सायंकाल 5.30 बजे तक।
3. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत बिड खोलने की तिथि 22.07.2021 प्रातः 11.00 बजे से ।
4. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ ऑनलाइन किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, कटनी**

**एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

**डॉ. हितेश लोकवानी**
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं
कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 23/06/2021 दिन
बुधवार समय प्रातः 10:30 बजे से
दोपहर 03:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।

माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
**पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72**





### 133 अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम गठित

# वेक्सीनेशन को सफल बनाने बनी रणनीति



**कटनी।** कोविड वैक्सीनेशन महा-अभियान योजना के अंतर्गत कोविड-19 टीकाकरण 21 जून से 30 जून तक किया जाना है। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में 57 टीकाकरण केन्द्र चिन्हित किये गये हैं। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा टीकाकरण केन्द्रों में, टीकाकरण कराये जाने हेतु नागरिकों में जन जागरूकता लाने एवं कोविड-19 का टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, स्थानीय चिकित्सक, पत्रकारगण एवं वार्ड स्तर पर गठित क्रायसिस मैनेजमेंट समिति के साथ संबंधित प्रभारी अधिकारी के निर्देशन में वार्ड स्तर पर नियुक्त वार्ड के प्रभारी एवं सहयोगी कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से आवश्यक बैठक का आयोजन कर चर्चा करते हुए रूपरेखा तैयार करने तथा कोविड वैक्सीनेशन महा-अभियान को सफल बनाने हेतु विशेष दल का गठन किया गया है। वार्ड

### जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, नागरिकों, समाजसेवियों व चिकित्सकों से लिया जा रहा सहयोग

क्रमांक 1 से 22 तक के चिन्हित वार्डो के टीकाकरण केन्द्र के गठित दल का प्रभारी अधिकारी उपायुक्त अशफाक परवेज को तथा वार्ड क्रमांक 23 से 43 तक चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों का प्रभारी अधिकारी प्र.कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा को नियुक्त किया जाकर वार्ड स्तर पर 19 प्रभारियों एवं प्रत्येक टीकाकरण केन्द्र हेतु दो-दो सहयोगी कर्मचारियों कुल 114 सहयोगी कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये जाकर प्रत्येक टीकाकरण केन्द्र वार्डस्तर पर प्रेरक तय करते हुए, मोबाईल नंबर सहित प्रभारी अधिकारी के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत करनें के निर्देश प्रदान किये है। निर्देशों के परिपालन में गठित अमले द्वारा कोवड टीकाकरण महा-अभियान को सफल बनाने एवं शत-प्रतिशत टीकाकरण कार्य करानें हेतु वार्ड संकट प्रबंधन समूह के गठित सदस्यों व प्रेरकों के साथ बैठक का आयोजन किया लाभार्थियों को प्रेरित करने एवं टीकाकरण महाअभियान के प्रचार प्रसार के कार्य में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करनें हेतु प्रेरकों को बैच लगाकर आमंत्रण पत्र वितरित किये गए।

# कटनी व मुड़वारा स्टेशन में व्हीकलों की प्रमोशनल ऐक्टिविटी शुरू करेगा रेलवे

### वाणिज्य विभाग ने वाहन कम्पनीयों, स्थानीय डीलरों एवं अन्य फर्मों से आमंत्रित की निविदा







**कटनी।** जबलपुर रेल मंडल के कटनी जंक्शन व कटनी मुड़वारा सहित 12 मुख्य स्टेशनों पर अब कार एवं टू व्हीलर, व्हीकल के सेल प्रमोशन एवम प्रचार के लिए मंडल के वाणिज्य विभाग ने वाहन कम्पनीयों, स्थानीय डीलरों एवं अन्य फर्मों से निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। जिसके तहत वे रेलवे द्वारा उन्हें रेलवे स्टेशन पर 200 वर्ग फीट पर अपने वाहनों के सेल प्रमोशन कार्य करने की अनुमति दी जाएगी। इस संबंध में मंडल वाणिज्य प्रबंधक देवेश सोनी ने बताया कि मंडल के 12 प्रमुख स्टेशनों जबलपुर, मदन महल, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, कटनी जंक्शन, कटनी मुडवारा, दमोह, सागर, मैहर, सतना, रीवा स्टेशनों पर वाहन कम्पनी या डीलर्स अपना डिस्प्ले शोकेस बनाकर वाहन को डिस्प्ले करने, ग्राहक के डेमो आदि का कार्य 24 घंटे कर सकेगे।

### खाली क्षेत्र से आय बढ़ाने की कवायद

रेलवे का मानना है कि रेलवे स्टेशन सर्वाधिक आई केचिंग एवं भीड़ के स्थान होते है और यात्री फंर्सत में यहां वाहन के संबंध में इन्कवायरी करने, बुक करने एवं डिलीवरी लेने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस स्थिति को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने सभी मंडलों को स्टेशनों के खाली क्षेत्र से आय बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इस स्थिति में जबलपुर मंडल द्वारा पश्चिम मध्य रेल में इस तरह की यह पहली निविदा आमंत्रित की है। इसके तहत 22 जून तक कोई भी पार्टी आनलाईन निविदा में भाग ले सकती है। रेलवे ने सभी 12 स्टेशनों पर सेल्स एंड प्रमोशनल एक्टिविटी आफ व्हीकल्स के नाम पर उक्त कार्य के लिए न्यूनतम राशि 12 लाख 20 हजार रुपये प्रति वर्ष की लाइसेंस फीस निर्धारित की है। जिसके तहत प्रत्येक स्टेशन पर निविदाकार को 200 वर्ग फीट का स्थान प्राप्त होगा।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कराया जाएगा योग

### कल विश्व योग दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

**कटनी।** मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग भोपाल के निर्देशन में सातवां विश्व योग दिवस मनाया जायेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कोविड-19 के प्रोटोकोल का पालन करते हुए योग से निरोग पोस्ट कोविड कार्यक्रम के माध्यम से 21 जून को प्रातः 6:30 बजे से योग गतिविधियों का आयोजन होगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह ने बताया कि विश्व योग दिवस के अवसर पर जिले में संचालित हेल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्र पर ग्रामीण नागरिकों को एवं ऑनलाइन सार्थक एप के माध्यम से समस्त पंजीकृत योग प्रशिक्षको द्वारा होम आइसो लेशन मरीजों को योगाभ्यास कराया जाएगा। साथ ही जिला आयुष अधिकारी कटनी कार्यालय के द्वारा स्थानीय कार्यालय, जिला पंचायत, कलेक्ट्रेट परिसर मे योग के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से गतिविधियां आयोजित होंगी। योग दिवस के दिन सहभागी योगी संख्या जानकारी प्रपत्र भी प्रेषित किया जाएगा एवं जिले के समस्त आयुष औषधालय मे योगाभ्यास की गतिविधियों का आयोजन होगा।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत
कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

### प्रेरकों को लगाए बैच, अभियान को सफल बनाने की अपील

**कटनी।** कोरोना से लड़ाई में अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण के रुप में सुरक्षा कवच प्रदान करने के उद्देश्य से वेक्सीनेशन महा अभियान की शुरुआत की जा रही है। 21 जून से प्रारंभ होने जा रहे वेक्सीनेशन महा अभियान को और प्रभावी बनाने के लिये जिले के सभी टीकाकरण केन्द्रों के लिये प्रेरकों को नियुक्त किया गया है। इस मह अभियान को जन अभियान बनाने और आमजन की टीके को लेकर भ्रांतियों को दूर करने और उन्हें प्रेरित करते हुये टीकाकरण तक लाने में प्रेरकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन द्वारा कोरोना वेक्सीनेशन के महा अभियान में नियुक्त किये गये प्रेरकों के लिये स्पेशल बैच तैयार कराये गये हैं। शनिवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित नगरीय क्षेत्र के प्रेरकों की बैठक में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे द्वारा विधायक संदीप जायसवाल को बैच लगाया गया। वहीं श्री जायसवाल द्वारा भी अन्य प्रेरकों को बैच लगाये गये।

# वेक्सीनेशन महाअभियान की सफलता की मुख्य कड़ी प्रेरक

### नगरीय क्षेत्र के प्रेरकों की बैठक आयोजित, टीकाकरण केन्द्रवार बैठकों का करें आयोजन



**कटनी।** प्रदेश के साथ ही जिले में कल 21 जून से कोरोना वेक्सीनेशन के लिये महा अभियान प्रारंभ होने जा रहा है। शासन के निर्देशों के तहत प्रत्येक टीकाकरण केन्द्र के लिये प्रेरकों को नियुक्त किया गया है। कटनी नगरीय क्षेत्र के प्रेरकों की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में विधायक संदीप जायसवाल ने कटनी शहरी क्षेत्र में टीकाकरण के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। बैठक में विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि वेक्सीनेशन का यह महा अभियान, जनअभियान है। इस अभियान की सफलता की मुख्य कड़ी टीकाकरण केन्द्रों के लिये नियुक्त किये गये प्रेरक हैं। प्रेरकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिये अभियान में सक्रियता से सहभागिता करने वालों को प्रेरक के तौर पर जोड़ें। आवश्यकता अनुरुप प्रेरकों की संख्या बढ़ायें भी। क्षेत्रीय स्तर पर प्रभावशील व्यक्तियों को इस अभियान में जोड़ा जाये। कोरोना टीकाकरण के महत्व को बताते हुये विधायक ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये टीकाकरण बेहद् जरुरी है। यह कार्य प्रेरणा से और बेहतर हो पायेगा। सक्रिय लोगों को प्रेरक के रुप में जोड़ते हुये केन्द्रवार बैठक आयोजित कराने के निर्देश भी श्री जायसवाल ने निगम आयुक्त को बैठक में दिये। बैठक के पूर्व में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे और नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे ने वेक्सीनेशन महा अभियान को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी विस्तार से दी। निगम आयुक्त के द्वारा शहरी क्षेत्र में टीकाकरण केन्द्रों में की जा रही तैयारियों के विषय में बताया गया। बैठक में उपस्थित प्रेरकों के द्वारा सुझाव भी दिये गये। जिन पर अमल कराने के निर्देश विधायक श्री जायसवाल ने निगम आयुक्त को दिये। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रामरतन पायल, पूर्व अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष संतोष शुक्ला सहित नियुक्त किये गये प्रेरक और संबंधित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी की घोषणा किसी भी क्षण

## पदों के दावेदारों की धड़कनें बढ़ीं, डेढ़ साल से था इंतजार

यश भारत खबर विशेष

**कटनी। लंबे समय से प्रतीक्षित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी की घोषणा किसी भी क्षण हो सकती है। कल देर शाम लगभग आधा दर्जन जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा होने से स्पष्ट हो गया है कि कटनी की सूची भी आज शाम या कल सुबह तक आ सकती है। गौरतलब है कि तीन साल बाद 24 जून को प्रदेश कार्यसमिति की अहम बैठक होने जा रही है और कल 21 जून से पार्टी के सांगठनिक कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं, ऐसे में तय माना जा रहा है कि आज कल के भीतर जिला कार्यकारिणी में शामिल नाम सामने आ जाएंगे। पदों के दावेदार बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं।**

उल्लेखनीय है कि भाजपा की जिला कार्यकारिणी का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष को मनोनीति हुए डेढ़ साल से ज्यादा का वक्त बीत चुका है किंतु उनकी टीम को प्रदेश नेतृत्व की हरी झंडी नहीं मिल पा रही थी। पार्टी ने इस बार नया प्रयोग करते हुए जिले की टीम तय करने के लिए भोपाल से प्रभारी भेजे थे जिन्होंने जिले के प्रमुख भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों से चर्चा कर सुझाव भी मांगे थे। प्रभारी ने बातचीत के आधार पर सामने आए नामों को डायरी में नोट कर अपनी रिपोर्ट तैयार की और लिफाफे में बंद कर नामों को हाईकमान को सौंप दिया गया था। प्रदेश में बदलते रहे सियासी घटनाक्रम और कोरोना की वजह से संगठन की गतिविधियां शिथिल हो गईं थीं। पहले 22 सीटों में हुए उपचुनाव, इसके उपरांत कोरोना संकट, फिर दमोह उपचुनाव और कोरोना की दूसरी लहर के चलते पार्टी के नेता व्यस्त थे और संगठन के काम पीछे छूट गए थे। राजनैतिक तौर पर इन कारणों के अलावा बड़े नेताओं के बीच रिक्त पदों में नियुक्तियों को लेकर सहमति बनाई जाने की कोशिशें भी जारी थीं। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने तमाम बड़े नेताओं से चर्चा करने के उपरांत संगठन में रिक्त पड़े पदों पर नियुक्तियां शुरू कर दीं है। इसी क्रम में प्रदेश भर में जिले की टीमों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद कल से घोषणा शुरू कर दी गई। उमरिया-शहडोल, सतना, नीमच, उज्जैन समेत कुछ अन्य जिलों की कार्यकारिणी घोषित किए जाने की खबर मिली है।

### कटनी की कार्यकारिणी को लेकर प्रेशर

बताया जा रहा है कि कटनी जिले की कार्यकारिणी को लेकर प्रदेश नेतृत्व पर दबाव अधिक है। कटनी जिला स्वयं प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है, इसीलिए यहां फूंक-फूंककर कदम रखा जा रहा है। पता चला है कि जिला कार्यकारिणी में स्थान पाने के लिए कटनी के नेताओं द्वारा भोपाल तक जोरआजमाइश की गई है। जिले के तीनों विधायकों से भी पार्टी ने रायशुमारी की है। विधायकों द्वारा भी अपने समर्थकों के नाम पहुंचाएं गए हैं। ऐसे में किसे जगह मिलती है और किसे मायूसी हाथ लगती है यह देखने लायक होगा। वैसे डेढ़ साल का वक्त इंतजार के लिए काफी होता है, इस दौरान नेताओं ने पर्याप्त फील्डिंग कर ली है। दबाव और नाम अधिक होने से प्रदेश नेतृत्व को कटनी की कार्यकारिणी को अंतिम रूप देने में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी, फिर भी खबर है कि सभी प्रभावशाली नेताओं को संतुष्ट करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### संभागीय संगठन मंत्री के पास पहुंचा लिफाफा

उधर खबर है कि जिला भाजपा की कार्यकारिणी का बंद लिफाफा भोपाल से संभागीय संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरूआ को भेज दिया गया है। संभवतः आज शाम या कल सुबह तक जिलाध्यक्ष के पास सूची आ जाएगी तथा तुरंत घोषणा कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि कल 21 जून से पार्टी के कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं जो 20 जुलाई तक अनवरत रूप से चलेंगे। 24 जून को प्रदेश कार्यसमिति की वर्चुअल बैठक भी आयोजित होना है। इन कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए पार्टी हर हाल में जिला कार्यसमिति की घोषणा कर देगी ताकि जिले के पदाधिकारी अपना दायित्व संभाल सकें। यह भी कहा जा रहा है कि आगामी समय में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी तेज होने वाली है। इसको देखते हुए पार्टी अब कार्यकारिणी की घोषणा में विलंब नहीं करना चाहती।

### सर्वाधिक जोर महामंत्री पद पर

बताया जा रहा है कि जिला कार्यकारिणी में महामंत्री पद को लेकर जबरजस्त खींचतान है। तीन महामंत्री बनाये जाने हैं, जिनमें दो ग्रामीण क्षेत्रों से हो सकते हैं। पार्टी में अध्यक्ष के बाद महामंत्री का पद सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि महामंत्री को बैठकों के संचालन के अलावा कोर कमेटी और कई महत्वपूर्ण कमेटियों में शामिल होने के साथ ही भोपाल में होने वाली बैठकों में भी प्रतिनिधित्व का मौका मिलता है। इस पद पर जिलाध्यक्ष अपनी पसंद के व्यक्ति की नियुक्ति की जुगत में हैं तो दूसरी ओर विधायकों का दबाव भी अपने-अपने समर्थकों को लेकर है। इसके अलावा कार्यकारिणी में 8 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री, कोषाध्यक्ष तथा कार्यालय मंत्री की नियुक्तियां की जानी हैं। इन पदों में 7 महिलाओं को शामिल किया जाना है। 21 सदस्सीय कार्यकारिणी के अलावा कार्यसमिति सदस्य भी नामांकित किए जाएंगे।

# कटनी-बीना रेलखंड पर बढ़ी मालगाड़ियों की रफ्तार



### अब 60 नहीं 75 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलेगी बॉक्स एनएचएल मालगाड़ी

यश भारत खास खबर

**कटनी।** भारतीय रेल की डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के तहत बनाई गई न्यू लाइन पर मालगाड़ियों का संचालन उच्च स्तर पर किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल ने भी तैयारी पूरी कर एवं गति के लिए वैगनों को अधिसूचित कर लिया गया है। पमरे में अभी तक प्रचलित वैगनों की गति 60 केएमपीएच तक की है और इस गति को 75 केएमपीएच कर दी है। पमरे के मुख्य सेक्शनों जिनमें फ्रेट लोड अधिक है, उनमे मुख्यतः बीना से कटनी मुड़वारा 261 किमी, बीना से भोपाल 140 किमी एवं बीना मालखेड़ी से गुना 118 किमी शामिल है। इन तीनों सेक्शनों पर फ्रेट लोडेड मालगाड़ियों की गति 75 केएमपीएच की अधिसूचित कर दी गयी है। मालगाड़ियों के वैगनों को मुख्यतः कोयला एवं क्लिंकर वैगन बॉक्स एनएचएल सीमेंट वैगन बीसीएनएचएल एवं आयरन शीट वैगन बीओएसटीएसएस इत्यादि इस तरह 8 प्रकार का स्टॉक है। पमरे में प्रचलित वैगन बॉक्स एनएचएल को 75 केएमपीएच की गति के लिए अधिसूचित कर दिया गया है एवं अन्य स्टॉको के लिए कार्यवाही प्रगति पर है।

### ओएमआरएस और डब्ल्यूआईएलडी सिस्टम का किया गया उपयोग



### कटनी-अनपपुर के बीच लगाए गए आधुनिक उपकरण

ओएमआरएस ऑनलाइन मॉनिटरिंग रोलिंग स्टॉक और डब्लूआईएलडी व्हील इम्पेक्ट लोड डेडक्टर उपकरणों को रूटों पर प्रतिस्थापित किया गया है। ओएमआरएस को कटनी से अनूपपुर के बीच लगाया गया है। जिससे वैगनों के असामान्य स्थिति की जानकारी न्यू कटनी जंक्शन में मिलती है। इसके साथ ही साथ डब्लूआईएलडी को भी लगाया गया है, जो कि कटनी से दमोह एवं बीना से भोपाल के बीच प्रतिस्थापित है। इस प्रकार फ्रेट लोडेड वैगनों में कोई खराबी आती है तो तुरंत ही ऑन लाइन प्रणाली के माध्यम से सूचित हो जाती है। जिससे त्वरित कार्यवाही होना सुनिश्चित होता है।

### तीनों मुख्य सेक्शनों पर 60 केजी की रेल प्रतिस्थापित

गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल पिछले चार महीनों से फ्रेट लोड की औसत गति में नंबर वन जोन बना हुआ है। जहां फ्रेट मालगाड़ियों की गति 58 केएमपीएच से 60 केएमपीएच के बीच रही हैं और इस गति को आगे वृद्धि करने से गति और बढ़ेगी। जब इस गति को बढ़ाया तो रेलखण्डों को काफी फायदा होगा तथा औसत गति 60 केएमपीएच के ऊपर जाएगी। रेल खण्डों की क्षमता बढ़ेगी, जिससे फ्रेट मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आएगी। अधिक से अधिक माल ढुलाई के लादान में वृद्धि होगी। रेकों का टर्न अराउंड कम हो जायेगा। यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ पैसेंजर ट्रेनों को चलाने में और जगह बनेगी।

# न कतराएं, न घबराएं, अपना सुरक्षा कवच अपनाएं

# कोरोना वेक्सीनेशन महा अभियान का श्रीगणेश कल



### कहां कितने वेक्सीनेशन सेंटर

| | | |
|---|---|---|
| नगर निगम सीमा क्षेत्र | - | 57 |
| बड़वारा और बरही | - | 12 |
| बहोरीबंद क्षेत्र | - | 10 |
| ढ़ीमरखेडा क्षेत्र | - | 14 |
| कन्हवारा क्षेत्र | - | 13 |
| रीठी क्षेत्र | - | 12 |
| विजयराघवगढ़ क्षेत्र | - | 10 |
| **कुल योग** | - | **128** |

**30 जून तक 128 केन्द्रों पर चलेगा अभियान, हर दिन 15 हजार लोगों के वेक्सीनेशन का टारगेट**

**कटनी।** कोरोना संक्रमण के खिलाफ चल रही लड़ाई में वेक्सीनेशन को सबसे बड़ा हथियार माना जा रहा है। यही कारण है कि संक्रमण से लोगों को बचाने के उद्देश्य से अब कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान की शुरूआत की जा रही है। राज्य सरकार के आव्हान पर पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी कल 21 से 30 जून तक वेक्सीनेशन महा-अभियान संचालित किया जाएगा। इसके लिए जिले में 128 सेंटर्स चिन्हित किए गए हैं, जहां कल से लेकर अगले 10 दिनों तक हर दिन करीब 15 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शहर में 63 और ग्रामीण क्षेत्रों में 71 सेंटर्स बनाए गए हैं, जहां आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। वेक्सीनेशन महा-अभियान को सफल बनाने के लिए पिछले दो दिनों से जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अमला तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। प्रशासन ने समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की है। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा लोग वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचे, इसकी ड्यूटी प्रेरकों को सौंपी गई है। वेक्सीनेशन के लिए सरकारी स्वास्थ्य अमले को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका था, कल प्राईवेट नर्सिंग होम और नर्सिंग कॉलेज के स्टाफ को भी ट्रेनिंग दी गई है। महा अभियान के तहत जिले में प्रथम चरण में 20 हजार डोज आई है, जिससे सेंटर्स तक पहुंचाया जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों के 71 केन्द्रों पर लगेंगे टीके

कल से शुरू हो रहे महाअभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 8 नए सेंटर्स बढ़ाये गये हैं। इन आठों केन्द्रों पर टीका लगाया जायेगा। पूर्व में 120 टीकाकरण केन्द्र बनाए गये थे। जिनमें 57 शहरी और 63 केन्द्र ग्रामीण क्षेत्रों में थे। अब ग्रामीण क्षेत्रों में 8 नए केन्द्र बढ़ाये गये हैं। इस तरह अब ग्रामीण क्षेत्रों में 71 केन्द्र हैं। नए सेंटरों में ढीमरखेड़ा क्षेत्र में 3 केन्द्र शासकीय प्राथमिक शाला कारोपानी, शासकीय माध्यमिक शाला पोंड़ी कला, शासकीय माध्यमिक शाला बम्हनी, कन्हवारा क्षेत्र में 3 केन्द्र शासकीय कन्या शाला भवन हीरापुर कौड़िया, प्राथमिक शाला भवन हिरवारा, पंचायत भवन खरखरी, रीठी क्षेत्र में दो केन्द्र शासकीय माध्यमिक शाला बरजी, शासकीय माध्यमिक शाला बड़ागांव शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्सीनेशन के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। ब्लॉकस्तर के संकट प्रबंधन ग्रुप की मीटिंग में लिए गए निर्णय अनुसार केन्द्र बनाए गये हैं।

### ऑनसाइट पंजीयन होगा हितग्राहियों का

कोरोना टीकाकरण के इस महाअभियान में मिशन मोड पर जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिये सुरक्षा कवच के रुप में कोरोना का टीका लगाया जायेगा। वेक्सीनेशन के लिये जिले में 128 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये हैं। इन केन्द्रों पर ऑनसाईट पंजीयन के माध्यम से सुगमता से नागरिकों के टीकाकरण का कार्य होगा। यदि आप पात्र हैं, तो ना कतरायें, ना घबरायें, आधार कार्ड या शासन द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र लेकर अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पहुंचे और अपने परिवार व समाज को सुरक्षित रखने के लिये टीकाकरण कराएं। केन्द्रों पर 21 जून की सुबह 10 बजे से टीकाकरण का कार्य प्रारंभ होगा।

### लगातार तीसरे दिन जीरो पॉजीटिव केस, एक मौत दर्ज, अब 4 एक्टिस केस

**कटनी।** कटनी जिले में आज लगातार तीसरे दिन जीरो पॉजीटिव केस मिले हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 1192 लोगों की जांच की गई है। जांच में एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। इस दौरान सुप्राटेक की इंदौर लैब से (आरपीटीसीआर) 596 एवं रेपिड एंटीजन टेस्ट की 596 सेम्पल की रिपोर्ट मिली है। पिछले 24 घंटे में एक भी मरीज को डिस्चार्ज नहीं किया गया है। अब तक तक कुल संक्रमित मरीजों 9362 में से 9241 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब 4 एक्टिव केस हैं, जिसमे से 1 जिला चिकित्सालय एवं 3 मरीज होम आईसोलेशन में उपचाररत हैं। जिले में अब तक 1 लाख 52 हजार 796 लोगों की जांच की जा चुकी है, जिसमे से 1 लाख 36 हजार 459 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिले में आज एक मौत दर्ज की गई है। इस तरह जिले में अब तक 117 लोगों की मौत दर्ज की जा चुकी है।

# तलवार की दम पर शराब दुकान के कर्मचारी से मारपीट



### एनकेजे बजरिया क्षेत्र में घटना, आरोपी गिरफ्तार



**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत एनकेजे बजरिया क्षेत्र में शराब दुकान बंद कर खड़े एक 25 वर्षीय शराब दुकान कर्मचारी के साथ शराब के लिए पैसे मांगने और न देने पर तलवार की नोक पर मारपीट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एनकेजे बजरिया क्षेत्र स्थित शराब दुकान का कर्मचारी 25 वर्षीय सुभाष पिता रामानंद ओझा 18 जून की रात लगभग 11 बजे शराब दुकान बंद कर सामने खड़ा था। उसीदौरान उड़िया मोहल्ला निवासी 29 वर्षीय विक्की पिता हीरालाल मलिक अपनी मोटर सायकल से वहां पहुंचा और हाथ में तलवार लेकर सुभाष से शराब मांगने लगा। सुभाष ने कहा कि अब दुकान बंद हो गई है तो विक्की उससे पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। सुभाष ने पैसे देने से मना किया तो विक्की तलवार की दम पर उसके साथ मारपीट करने लगा। मोहल्ले पड़ोस के लोग शोरशराबा सुनकर पहुंचे तो विक्की वहां से भाग गया। घटना की शिकायत सुभाष के द्वारा दूसरे दिन थाने में की गई। पुलिस ने सुभाष की शिकायत पर विक्की मलिक के विरूद्ध धारा 327, 323, 506 व 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और विक्की तलवार व वारदात के दौरान उपयोग की गई मोटर सायकल के साथ पुलिस के हाथ लग गया। विक्की को गिरफ्तार करने में एनकेजे थाना प्रभारी महेन्द्र कुमार मिश्रा, सउनि दिनेश करोसिया, आरक्षक दीपक तिवारी, आरिफ हुसैन व चन्द्रेश सिंह की भूमिका रही।

**यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033**


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009




**PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)